ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

क़ादर नवाज़ ख़ान
Kadar Nawaz Khan
कार्यकारी कुलसचिव / Acting Registrar

दूरभाष / Phone: +91-7152-251661

No.: 21/PRO/AC & AS/2025/28
Date : 06.03.2026

सूचना

समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की घोषित थीम "Give To Gain"** के अंतर्गत विश्वविद्यालय **परिसर में रेस वॉकिंग का आयोजन किया जा रहा है। रेस वॉकिंग का** उद्देश्य प्रतिभागियों के माध्यम से समानता, सम्मान एवं सहयोग का संदेश समाज तक पहुँचाना है, ताकि इसके परिणामस्वरूप एक सुरक्षित, संवेदनशील एवं सशक्त शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया जा सके। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देगा, बल्कि लैंगिक समानता तथा पारस्परिक सहयोग के मूल्यों को भी सुदृढ करेगा।

रेस वॉकिंग के माध्यम से विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, विद्यार्थी एवं शोधार्थी सक्रिय सहभागिता करते हुए "देने" की भावना–जैसे समर्थन, सम्मान और संकल्प–को प्रोत्साहित करेंगे, जिससे परिसर में सकारात्मक परिवर्तन "प्राप्त" किया जा सके।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है :

क्र	कार्यक्रम का विवरण	
1	रेस वॉकिंग	08 मार्च, 2026 (रविवार) प्रातः 08:00 बजे फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास से छत्रपति शिवाजी महाराज द्वार तक
2	व्याख्यान –"महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयाम"	09 मार्च, 2026 (सोमवार) 12:00 बजे (गालिब सभागार)

अध्यक्षता	:	प्रो. कुमुद शर्मा, माननीय कुलपति, म.गां.अं.हि.वि., वर्धा
मुख्य वक्ता	:	प्रो. गीता भट्ट, एसोसिएट प्रोफेसर एवं निदेशक, NCWEB दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
विशिष्ट वक्ता	:	डॉ. अनुपमा गुप्ता, प्रोफेसर एवं निदेशक एवं अध्यक्ष आंतरिक शिकायत समिति, म.गां.अं. हिं.वि., वर्धा
विशिष्ट वक्ता	:	डॉ. क्षमा कौल, आवासीय लेखिका, म.गां.अं.हि.वि., वर्धा

क़ादर नवाज़
(क़ादर नवाज़ ख़ान)
06/03/26

प्रतिलिपि : (ई–मेल द्वारा)

1. कुलपति सचिवालय।
2. समस्त विभाग / अनुभाग / सूचना पट्ट
3. कुलसचिव कार्यालय।
4. प्रभारी लीला, वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. सुरक्षा अधिकारी।
6. संबंधित पत्रावली।